नवभारत

मार्गदर्शन | कार्यशाला के उद्घाटन पर विधायक भोयर ने कहा, सेवाग्राम में 4 दिवसीय आयोजन

जलस्त्रोतों का व्यवस्थापन करना महत्वपूर्ण

■ वर्धा, ब्यूरो. सेवाग्राम में बजाज फाउंडेशन तथा विश्व युवक केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय 'कृषि-उद्योजकता तथा जलसंपत्ति व्यवस्थापन' कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विधायक डा. पंकज भोयर ने कहा कि किसानों के हित के लिए जलस्त्रोत विकास तथा व्यवस्थापन पर कार्य करना जरूरी है. उन्होंने गांधी तथा विनोबा की भूमि में महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित करने पर आभार माना.

इस समय जिलाधिकारी राहुल कर्डिले, विश्व युवक केंद्र के सीईओ उदय शंकर सिंग तथा जलतज्ञ माधव कोटस्थाने समेत बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष (CSR) हरिभाई मोरी तथा प्रादेशिक कार्यक्रम व्यवस्थापक महेंद्र फाटे उपस्थित थे.

पानी का जतन करने सामूहिक प्रयास करें : कलेक्टर

जिलाधिकारी राहुल कर्डिले ने कार्यशाला की सराहना की तथा पानी का जतन करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात रखी. जलतज्ञ माधव कोटस्थाने ने अपने जलस्त्रोतों का विकास करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टीकोण जरूरी बताया. तामसवाड़ा प्रकल्प पर किए कार्य की जानकारी दी गई. वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट डेवलपमेंट के बारे में अपनी बात रखी. हरिभाई मोरी ने किसानों के पास अल्प जमीन यह समस्या नहीं है. फसल व बुआई की बद्धति में बदलाव लाने की बात रखी. ताकि, भविष्य में छोटे जमीनधारक को आर्थिक हालत में सुधार हो सके.

15 राज्यों से 100 एनजीओ के सदस्य शामिल

कृषि उद्योजकता तथा जलसंपत्ति व्यवस्थापन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें 15 राज्यों से 100 एनजीओ के सदस्य शामिल हुए है. कार्यशाला में सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक ऐसे दोनों घटकों का समावेश है. ताकि प्रशिक्षण कक्ष में जो सीखा है वह प्रत्यक्ष क्षेत्र में अनुभव ले सकेंगे. देश के समृद्धि के लिए दोनों संस्थाओं का प्रयास सराहनीय है. संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मूल्यवान कौशल प्रदान किए जाने वाले है. प्रतिनिधियों को जीवन जीने तथा खेती के लिए पानी की सख्त जरूरत है. शुद्ध पेयजल तथा सिंचाई की कमी दूर करने जलस्त्रोतों का विकास यही एकमात्र उपाय होने से उस पर विचारमंथन किया जाएगा.